तापमान

अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025



11 एड्स एक लाइलाज बीमारी, जानकारी ही बचाव



11 युवाओं को स्वस्थ और अनुशासित बनाती है....




## खबर संक्षेप

### फोन को हैक कर खाते से उड़ाए ₹3.38 लाख

**जींद।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के फोन को हैक कर उसके खाते से तीन लाख 38 हजार 500 रुपये निकाल लिए। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ईगराह निवासी मनबीर ने पुलिस को शिकायत दी है।

### बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण बैठक आज होगी

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भोलाठिया ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के शीघ्र निपटारा करने के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण की बैठकों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह में 2 दिसंबर, 9 दिसंबर, 16 दिसंबर, 23 दिसंबर, 30 दिसंबर को शेड्यूल अनुसार बैठकें आयोजित होंगी।

### सड़क हादसे में लेक्चरार की जान गई, एक घायल

**कैथल।** जिले के गांव आहू में एक सड़क दुर्घटना में करीब 56 वर्षीय लेक्चरर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य 30 वर्षीय साथी घायल हो गया। दोनों बाइक पर सवार हो साकरा से आहू जा रहे थे। जैसे ही आहू के नजदीक पहुंचे, तो अज्ञात कार चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते उन्हें टक्कर मार दी, जिससे लेक्चरर की मौके पर ही मौत हो गई।

### विदेशी जानकार बन साढ़े तीन लाख रुपये का चूना

**जींद।** विदेश में रह रहा जानकार बन कर व्यक्ति को साइबर ठगों ने साढ़े 3 लाख का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा मंडी निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका जानकार अमेरिका में रह रहा है।

### चोरों ने गल्ले से 38 हजार की नकदी चुराई

**कैथल।** थाना राजौंद पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। गांव रोहेड़ा के भीम सिंह ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में कबाड़ी की दुकान करता है। आरोप है कि 29 नवंबर को अज्ञात चोर दोपहर को करीब 2:00 बजे उसकी दुकान के गल्ले से 50000 की नकदी चुरा कर ले गए। मामले के जांच अधिकारी के सब इंस्पेक्टर सुनील ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### चोरों ने हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। कैलरम के सत्यवान ने कलायत थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 नवंबर की रात को चोर उसके सहारण से बालू रोड स्थित सड़क पर बने कोठे से सिलेंडर, गैस चूल्हा व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 25000 बताई गई है।

### परिचालक से मारपीट के आरोप में दो नामजद

**कैथल।** बस स्टैंड पर मारपीट के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने दो युवाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव कुराड़ के सुभाष चंद ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हरियाणा रोडवेज कैथल में परिचालक के पद पर कार्यरत है।


### नागरिक अस्पताल से महिला बेटी सहित लापता, केस दर्ज

**कैथल।** नागरिक अस्पताल में आई महिला अपनी बेटी के साथ बिना बताए घर से लापता हो गई। शुगर मिल कॉलोनी कैथल के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 29 नवंबर को उसकी पत्नी दोपहर को करीब 11:00 बजे उसकी बेटी के साथ कैथल के नागरिक अस्पताल आई थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी।

# 45 प्रजातियों के दो हजार से ज्यादा विदेशी परिंदे पहुंच चुके प्रवास स्थल

**गांव कालवन पहुंचे विदेशी परिंदे......**





सतेंद्र पंडित ▸▸ जींद

जिले के अंतिम छोर का गांव कालवन विदेशी पंछियों के कलरव से गुलजार हो रहा है। यूरोप, साइबेरिया, चाइना समेत ठंडे इलाकों से हजारों मेहमान पंछी हजारों किलोमीटर की उड़ान भरकर गांव के पक्षी प्रवास स्थल पर पहुच रहे है। 45 से भी अधिक प्रजातियों के हजारों पंछी फरवरी माह के अंत तक यहां प्रवास करेंगे ओर प्रजनन भी करेंगे। मौसम में हलकी से गर्माहट आने के साथ अपने बच्चों के साथ ठंडे प्रदेशों की तरफ उड़ान भर जाएंगे। विदेशी प्रजातियों के पंछियों के आगमन को देखते वन्य विभाग ने पक्षियों के प्रवास स्थल पर चौकसी को बढ़ा दिया है। कालवन में विदेशी पंछी प्रवास स्थल 28 एकड़ में फैला हुआ है। तापमान दस डिग्री से नीचे आने के साथ विदेशी मेहमान पक्षियों का आगमन भी तेज हो गया है। विदेशी पंछियों को यह प्रवास स्थल खूब रास आ रहा है। आबादी से हटकर तालाब के चारों तरफ अच्छी खासी संख्या में पेड़ पौधे हैं। जो पंछियों को उनके माहौल के अनुरूप बनाते है और पंछियों को संरक्षण भी यहां पर मिलता है। नवबर माह के अंत मे विदेशी पछियो को आगमन शुरू हो गया है। यूरोप, चाइना, भुटान समेत अन्य ठंडे इलाकों से विदेशी पंछियों का आगमन शुरु हो गया था। दो हजार से ज्यादा 45 प्रजातियों के पंछी पहुंच चुके हैं। जिनमे मुख्य तौर पर चाइना से ग्रेटर कोरमोनेंट, कॉमन क्यूट, भुटान से पोचार्ड, चाइना से नॉर्दन सावर, मैलार्ड, नोदर्न पिंटी, साइबेरिया से लार्जर विसलिंग डक, पाइट एवोस्ट, यूरोप से ग्रेटर फ्लेमिंगो समेत अन्य प्रजातियों के पंछी शामिल है।

## 28 एकड़ में फैला है पंछी प्रवास स्थल, प्राकृतिक मिल रहा माहौल



**सुरक्षा बढ़ाई**

वन्य प्राणी विभाग के निरीक्षक मनबीर खटकड़ ने बताया कि कालवन का पंछी प्रवास स्थल विदेशी पंछियों को काफी रास आ रहा है। 45 प्रजातियों के लगभग दो हजार पंछी यहां पर पहुंच चुके हैं। जो फरवरी माह के अंत तक यहां प्रवास करने के साथ साथ प्रजनन करेंगे। विदेशी मेहमान पंछियों के आगमन को देखते सुरक्षा को बढा दिया है।

## आवारा कुत्तों पर रोक, हर विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश

# सीमाओं के अंदर कुत्ते के काटने पर संबंधित संस्थान की होगी जिम्मेदारी

### डीएमसी ने अधिकारियों की बैठक लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की समीक्षा की

**बैरिकेडिंग, फेंसिंग या अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

डीएमसी सुरेंद्र दून ने कहा कि हर विभाग, संस्थान, स्कूल, कॉलेज, खेल विभाग तुरंत अपनी-अपनी सीमाओं की समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि आपके प्रांगण के अंदर कोई भी आवारा कुत्ता प्रवेश न करे। वहां बैरिकेडिंग, फेंसिंग या आवश्यकतानुसार अन्य व्यवस्थाएं की जाएं। जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र दून सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर सुप्रीम कोर्ट के आवारा कुत्तों से संबंधित आदेश पर समीक्षा की और मानव सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच जिसमें न्यायमूर्ति विक्रमनाथ शामिल हैं ने 11 और 22 अगस्त को दो आदेश जारी किए थे।



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते डीएमसी सुरेंद्र दून। फोटो :हरिभूमि

**सुरक्षा उपायों की नियमित निगरानी के आदेश**

इन आदेशों के अनुसार किसी भी विभाग, नगर परिषद, नगर पालिका, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पंचायतें, रेलवे डिपार्टमेंट, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या किसी भी सरकारी संस्थाओं की सीमा के अंदर यदि कोई आवारा कुत्ता किसी व्यक्ति पर हमला करता है, काट लेता है या किसी भी प्रकार का नुकसान पहुंचता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि विभाग अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखने, खतरे की संभावनाओं को रोकने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाध्य हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए संबंधित की जिम्मेदारी होगी। जिला नगर आयुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें, जो अपने-अपने क्षेत्र में आवारा कुत्तों से संबंधित गतिविधियों, समस्याओं, शिकायतों और सुरक्षा उपायों की नियमित निगरानी करेगा।

**सटीक आकलन कर रिपोर्ट करें**

नोडल अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह अपनी सीमा में कुत्तों की संख्या, उनके ठिकानों, खाद्य स्रोतों और मानव संपर्क वाले क्षेत्रों का सटीक आकलन कर रिपोर्ट करे। डीएमसी ने साफ कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की जिम्मेदारी तय करने के लिए नोडल अधिकारियों की रिपोर्ट ही आधार बनाई जाएगी। डीएमसी सुरेंद्र दून ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि कई बार कुत्तों के हमले की घटनाएं तुरंत नियंत्रण में लाई जा सकती हैं। यदि विभाग अपनी सीमा में सफाई, कूड़ा प्रबंधन और बुनियादी व्यवस्था को दुरुस्त रखें। जहां कचरे का ढेरए खुले नाले या व्यवस्थित भोजन के अवशेष पड़े होते हैं, वहीं कुत्तों का जमावड़ा होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए सभी विभाग अपने क्षेत्रों में स्वच्छता और निगरानी को प्राथमिक स्तर पर मजबूत करें। डीएमसी ने कुत्ते के काटने की घटना के संदर्भ में नागरिकों का आह्वान किया कि यदि किसी को कुत्ता काट लेए तो सबसे पहले 10-15 मिनट तक साबुन से घाव को बहते पानी में धोना चाहिए।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

रेबीज और संक्रमण के जोखिम को काफी कम कर देता है। इसके बाद तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर एंटी रेबीज वैक्सीन अवश्य लगवाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देश दिया कि सभी अस्पतालों में वैक्सीन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रहे और किसी भी पीड़ित को देरी न हो। डीएमसी ने पार्कों में कुत्तों को घुमाने पर भी कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग अपने पालतू कुत्तों को बिना पट्टा (लीश) लगाए पार्कों में ले आते हैं। जिससे स्थानीय नागरिकों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने नगर परिषद को ऐसे मामलों में स्पष्ट नोटिस बोर्ड लगाने को कहा। उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल नगरपालिका की नही बल्कि हर विभाग की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश कोई औपचारिकता नही बल्कि सरकार और प्रशासन के लिए सख्त निर्देश हैं। किसी भी विभाग द्वारा ढिलाई बरतने पर सीधे कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस मौके पर सीटीएम मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, ईओ रिषिकेश सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



जींद। चक्कर रोड पर धंसी सड़क। फोटो :हरिभूमि

# टेलीफोन एक्सचेंज के पास धंसी नई सड़क

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

शहर के चक्कर रोड पर पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज के पास बनाई गई नई सड़क सोमवार को अचानक से धंस गई। सड़क धंसने का जैसे पता चला तो सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने रोष जताया। सड़क में धंसाव इतना गहरा है कि उसमें पूरा व्यक्ति समा सकता है। यह घटना लोगों में चिंता का विषय बन गई है। क्योंकि कुछ अरसे पहले ही यह सड़क तैयार की गई थी।

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि जींद में सड़क धंसने का यह पहला मामला नही है। इससे पहले भी शहर के कई इलाकों में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। जिससे साफ होता है कि निर्माण कार्यों में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर शहर के सरकारी इंजीनियरों और संबंधित विभागों को क्या हो गया है कि वे एक भी सड़क को गुणवत्ता मानकों के अनुसार नही बना पा रहे हैं। हर बार करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़कों का बार.बार धंसना जनता के साथ धोखा है। गोयल ने जींद के डीसी महोम्मद इमरान रजा से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो और जनता के पैसों की बर्बादी बंद हो सके। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने भी मौके पर पहुंच कर रोष जताया और कहा कि मामले की जांच करवाई जाए।

**कार्रवाई की मांग**

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रिषीपाल हैबतपुर ने कहा कि सड़क को बने एक साल हुआ है। जो अब धंस गई है। सीधे रूप से जनता के पैसे की बर्बादी है। भाजपा विधायक ने कहा था कि सड़क को मजबूत बनाया गया है। अब छह फूट धंसी सड़क की मजबूती को देखा जा सकता है। जिन अधिकारियों ने निर्माण के दौरान लापरवाही बरती गई है, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।



कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल निदेशक वी के सिंह राणा।

**100 मीटर जूनियर में दीपांशी दौड़ी सबसे तेज**

**राजौंद।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, राजौंद में वीर योद्धा स्मृति वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रांगण में आरंभ हुई। मुख्यातिथि शहीद लांस नायक नरेन्द्र सिंह सिंधु रोहेड़ा के पिता दलबीर सिंह रोहेड़ा व 1965 के भारत पाक युद्ध में राजौंद से शहीद सिया राम की धर्म पत्नी सावित्री देवी ने शिरकत की। विशेष अतिथि के रूप में कुश्ती खिलाड़ी रजनीश व दीपा मौजूद रहे। इसका उद्देश्य वीर सैनिकों की स्मृति को नमन कर, उनके अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हुए बच्चों में खेल भावना, साहस और टीम वर्क को प्रोत्साहित करना रहा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों और आमंत्रित अतिथियों से कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में 100 मीटर जूनियर लड़कियों में पहला स्थान दीपांशी दूसरा आस्था व तीसरा स्थान संध्या ने प्राप्त किया। 100 मीटर सीनियर लड़कियों में पहला स्थान वंशिका दूसरा सिद्धिका व तीसरा स्थान नवरीत ने पाया, 100 मीटर सीनियर लड़कों में पहला स्थान पारस,दूसरा मंयक व तीसरा स्थान कार्तिक व दिपांशु ने पाया।

### स्कूल बस की चपेट में आने से तीन बच्चे घायल

**जींद।** गांव खेड़ा खेमावती के निकट सड़क पार करते समय निजी स्कूल बस की चपेट में तीन बच्चे घायल हो गए। जिन्हें सफीदों के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खेड़ा खेमावती निवासी हेजल (4), हर्षित (6), देवांशी (7) सोमवार दोपहर बाद गांव मे सड़क को पार कर रहे थे। उसी समय सफीदों के निजी स्कूल की बस ने तीनों बच्चो को अपनी चपेट मे लिया। जिसमें तीनों बच्चे घायल हो गए। तीनों बच्चों को सफीदों के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ग्रामीणों का कहना था कि स्कूल बस की स्पीड ज्यादा थी। चालक ने सड़क पार कर रहे बच्चों की तरफ ध्यान नही दिया। वहीं स्कूल के चालक का कहना था कि बस की स्पीड कम थी। तीनों बच्चे अचानक बस के सामने आ गए। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अमेरिका भेजने के नाम पर 45 लाख रुपये ठगे

- पैसे वापिस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

युवक को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के एक मामले की जांच थाना गुहला एसएचओ एसआई रखा की अगुवाई में एसएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव मस्तगढ़ निवासी सतपाल सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वार्ड नं 6 चीका निवासी जसविंदर सिंह की शिकायत अनुसार गांव सुल्तानिया में उसकी दुकान है। आरोपी सतपाल सिंह व उसका बेटा ओमप्रकाश उसकी दुकान पर आते



जाते रहते थे। वह भी विदेश जाना चाहता था। वर्ष 2021 में आरोपी सतपाल व उसका बेटा उसकी दुकान पर आए और कहने लगे कि परमिंद्र लालका उसका साला जो कि चंडीगढ़ में विदेश भेजने का कार्य करता है। यदि तुम्हें भी विदेश जाना है तो वह उसका अमेरिका का वीजा लगवा देगा। जिसके पांच सात दिनों बाद आरोपी सतपाल सिंह, ओम प्रकाश व सतपाल सिंह की पत्नी बंसो देवी व सतपाल सिंह की लड़की भूपिंदर कौर व परमिंद्र लालका थार गाड़ी में उसकी दुकान पर आए और कहने लगे की परमिंद्र लालका ने कई लड़कों को विदेश भेज दिया है। और ये तुम्हें भी अमेरिका भेज देगा। जिससे उसकी 40 लाख रुपये में सहमति बन गई। जिसके कुछ दिनों बाद उसने 25 लाख रुपये उन्हें नकद दे दिए। इसके बाद वीजा लगवाने के नाम पर आरोपियों ने उससे 20 लाख रुपये और ठग जिसके बाद भी उसे अमेरिका नहीं भेजा गया। पैसे मांगने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौच व मारने देने लगे। गुहला में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### एसएमओ की सीधी भर्ती पर रोक लगाने की मांग

**जींद।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसो ने सोमवार को मांगों को लेकर एसीएस हैल्थ को संबोधित ज्ञापन सीएमओ डा. सुमन कोहली को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से एसो ने चेताया कि मांगें पूरी न होने पर आठ और नौ दिसंबर को पूर्ण हड़ताल रखी जाएगी और फिर भी बात नही बनी तो 10 दिसंबर से सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। चिकित्सकों की मांगों में एसएमओ भर्ती में सुधार और एसीपी शामिल है। ज्ञापन सौंपते हुए हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के राज्य संयोजक और जिला प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा व डा. राजेश भोला ने बताया कि पिछले वर्ष सरकार ने वादा किया था कि डायरेक्ट एसएमओ की भर्ती बंद की जाएगी और सभी एसएमओ पद प्रमोशन से ही भरे जाएंगे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने बतौर मुख्यातिथि प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# एड्स को हराने के लिए जन-जन को जागरूक करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा एक सशक्त और संवेदनशील स्वास्थ्य ढांचा विकसित किया है, जिसकी गुणवत्ता से एचआईवी संक्रमित का हर संभव इलाज किया जा रहा है। हम सबको मिलकर भारत को एड्स मुक्त बनाना है, इसमें आमजन की सहभागिता बहुत जरूरी है। एचआईवी एड्स एक गंभीर बीमारी है। बीमारी को हराने के लिए जन-जन को जागरूक करना आवश्यक है। आरती सिंह राव



कैथल। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते।

सोमवार को आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के हाल में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। इससे पहले मंत्री आरती सिंह राव ने स्कूल परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्वास्थ्य मंत्री एवं अन्य अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, पूर्व विधायक लीला राम, गुहला के पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर,प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. सुखबीर सिंह, संयुक्त निदेशक रामकुमार शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला, निधि मोहन, हरपाल शर्मा, जगतार माजरी, डॉ. संदीप बातिश, डॉ. सचिन आदि मौजूद रहे।

**अच्छा व्यवहार किया जाए**

प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. सुखबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा एड्स सोसायटी के माध्यम से चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों व अन्य संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एचआईवी भेदभाव सामाजिक अपराध है, जिसके तहत कानूनी तौर कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। एचआईवी पीड़ित व्यक्ति के साथ अच्छे से व्यवहार किया जाए। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व अन्य अतिथिगण का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

### पंजाब रोडवेज कर्मियों पर किए लाठीचार्ज पर जताया रोष

**जींद।** जींद डिपो में सांझा मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को पंजाब रोडवेज के कर्मचारियों पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में रोडवेज कर्मियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान रोडवेजकर्मियों ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन से पहले रोडवेज कर्मचारियों ने डिपो प्रधान राममेहर रेढू और अनिल गौतम की अध्यक्षता में रोष बैठक की। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार पंजाब की रोडवेज यूनियन के नेताओं से बात करे और मुकद्में रद्द करते हुए समस्याओं का बातचीत के माध्यम से समाधान करे। पंजाब सरकार जो किलोमीटर स्कीम को रोडवेज मे लाना चाहती है, उसे वापस ले और रोडवेज कर्मचारियों के रोके गए भुगतान जारी करे और 10 हजार नई सरकारी बसें शामिल करते हुए पक्की भर्ती करें। कहा कि किलोमीटर स्कीम की बसें हरियाणा रोडवेज में फेल हो चुकी हैं।

हरिभूमि

रोहतक मंगलवार
2 दिसंबर 2025

# सहेली



अपने प्रोफेशन में सक्सेसफुल होने के लिए जरूरी है, अपने वर्क पर फोकस्ड रहें, समय पर टार्गेट अचीव करें और उन आने वाली बाधाओं का आपको आभास हो, जो भविष्य में आ सकती हैं। साथ ही यह भी जरूरी है कि बदले समय के अनुसार आप टेक स्मार्ट भी बनें। लेकिन कुछ लोग ऐसा कर नहीं पाते। इसके लिए जरूरी है, अपने वर्क को सही ढंग से मैनेज करें, यह कैसे संभव है, जानें।

## ऐसे मैनेज करें वर्क समय पर अचीव होंगे टार्गेट

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन



उस दिन सुनीता अपनी कुलीग कामिनी से बोली, 'यार सब बोलते हैं, बड़े सपने देखो, बड़ा सोचो, अपने टार्गेट बड़े रखो। तभी बड़ी सक्सेस पाओगी, लेकिन मैंने तो सब कुछ करके देख लिया। रोज अपने वर्क की लिस्ट बनाती हूं। सुबह से रात तक पूरी मेहनत से काम करती हूं। इसके चलते फैमिली और फ्रेंड्स को टाइम नहीं दे पाती, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात।' अपनी बात कहकर सुनीता ने कामिनी से यह भी जानना चाहा, 'तुम सब कुछ कैसे मैनेज कर लेती हो, जो फैमिली को भी टाइम देती हो और अपने प्रोजेक्ट भी समय पर कंप्लीट कर लेती हो और तुम्हारा प्रमोशन भी हो जाता है?' कामिनी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'सुनीता, न तो यह बहुत कठिन है, न असंभव। बस तुम्हें अपने रोज के वर्क-टार्गेट की लिस्ट बनाकर अपनी टीम, टाइम और टेक्नोलॉजी के साथ कॉर्डिनेट करना होगा, टालू टेकनीक से दूर रहना होगा।' यहां एक बात और समझनी चाहिए कि व्यक्ति अपने जीवन के सभी लक्ष्यों को तभी आसानी से अचीव कर सकता है, जब वह उन इच्छाओं को छोड़ दे, जो उसके मिशन के अपोजिट हों। जी हां, अगर आप कुछ छोटी-छोटी बातों को ध्यान रखें तो अपने सभी काम टाइम से मैनेज कर सकती हैं, आसानी से अपने लक्ष्य पूरे कर सकती हैं।



### डालें सपोर्ट लेने की आदत

सबसे पहले आपको अपनी सभी जिम्मेदारियों की समीक्षा करनी होगी। इसके लिए आपको तय करना होगा, कौन से काम आपको खुद करने हैं, कौन से काम आपको अपनी टीम को सौंपने हैं, ताकि आप बेहतर तरीके से सभी काम तय सीमा में पूरे कर सकें। साथ ही आप यह जानें कि कौन से कामों की जिम्मेदारी दूसरों को देने से आपको कोई दिक्कत नहीं होगी और कौन-से काम आपको स्वयं करना चाहिए?

### बेवजह बिजी न रहें

आप दूसरों के कामों में न उलझें। बेवजह लोगों से मिलना-जुलना बंद करें। गैरजरूरी मीटिंग्स से दूर रहें ताकि आपका समय बर्बाद न हो। जब-तब मीटिंग्स अटेंड न करें। अगर किसी मीटिंग में आपकी मौजूदगी जरूरी नहीं है तो उसमें से खुद को हटा लें। ऐसा करने से आपका अतिरिक्त बोझ हल्का हो जाएगा, आप अपने मुख्य काम पर ज्यादा ध्यान दे सकेंगी।

### टेक स्मार्ट बनिए

आज के समय में स्मार्टफोन और इंटरनेट ने दूरियां कम कर दी हैं। टेक सेवी व्यक्ति की कार्य क्षमता बढ़ा दी है। पहले आपको किसी व्यक्ति से मिलकर ही सब बातें करनी होती थीं, मीटिंग के लिए दूर जाना पड़ता था, पेमेंट के लिए बैंक जाना पड़ता था, इसमें समय खर्च होता था। अब आप अपनी डेस्क पर बैठकर एनईएफटी, आरटीजीएस या यूपीआई से पेमेंट कर सकती हैं। वीडियो कॉल या जूम मीटिंग से एक साथ कई लोगों के साथ डिस्कस कर सकती हैं। ई-मेल, व्हाट्स एप से डॉक्यूमेंट, फोटो, सैंपल भेज सकती हैं। जहां फिजिकल सैंपल भेजना हो, वहां पोर्टर एप के माध्यम से भेज सकती हैं। इसलिए टेक स्मार्ट बनिए, समय के साथ चलिए।



### खुद को दें वक्त

एनर्जी री-स्टोर करने के लिए खुद को थोड़ा आराम देने के लिए टाइम निकालें। काम के बीच में ब्रेक लेना, परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना या अपने शौक पूरे करना भी जरूरी है। इससे आप अधिक ऊर्जावान होकर स्पष्ट सोच पाएंगी, भविष्य के लिए बेहतर निर्णय ले सकेंगी।

### विभिन्न लक्ष्यों में सामंजस्य जरूरी

विभिन्न लक्ष्यों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए आप अपने सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों और उन्हें हासिल करने वाली गतिविधियों को साफ-साफ डायरी में लिख लीजिए, इसके बाद यह समझने की कोशिश करें कि कौन से लक्ष्य आपस में जुड़े हैं, एक-दूसरे की पूर्ति करते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपका लक्ष्य फिट रहना और स्टडी में भी अच्छा प्रदर्शन करना है तो नियमित व्यायाम दोनों में मदद करेगा। यह आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और स्टडी के लिए एनर्जी भी देगा। इसी तरह जब आप अपने दोनों लक्ष्यों के सामंजस्य को पहचान लेंगी तो आपकी छोटी-सी मेहनत भी एक साथ कई बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगी।

### इच्छाओं के जाल में न उलझें

हर इच्छा, लक्ष्य नहीं हो सकती। कई बार मन में उपजे विचार सिर्फ प्रलोभन होते हैं, जो आपकी मेहनत को बर्बाद करते हैं। इसलिए आत्म-नियंत्रण बेहद जरूरी है, ऐसी अनुत्पादक, निरर्थक इच्छाओं को समय रहते पहचानना और उनसे जितना संभव हो दूर रहना बेहद जरूरी है।

### बाधाओं का अंदाजा रखें

जब आप कोई लक्ष्य निर्धारित करें तो उसके रास्ते में आने वाली संभावित बाधाओं का पहले से अंदाजा लगाएं। ऐसा करने से आप विचलित होने की बजाय, अपने मुख्य उद्देश्यों पर ही टिकी रहेंगी। संघर्ष करने से कभी हिचकेंगी नहीं, अपना मनचाहा टार्गेट पा लेंगी। a

## भविष्य में बच्चे तभी सुनेंगे आपकी जब बचपन में आप सुनेंगे उनकी

बहुत से अभिभावक अपने बच्चों की बातों पर ध्यान नहीं देते, उनकी उलझनों और सवालों को इग्नोर कर देते हैं। लेकिन ऐसा करने से उनके कोमल मन पर बुरा असर पड़ता है। जो वर्षों बाद अभिभावक को बच्चों से मिलने वाली उपेक्षा के रूप में सामने आ सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों की हर बात को पूरे ध्यान से सुनें।

परवरिश

कृति आर. के. जैन



अगर किसी दिन आपका बच्चा आकर आपसे कहे, 'मम्मी, मुझे आज स्कूल नहीं जाना।' इस पर आप बिना इसकी वजह पूछे, बस उससे कह देती हैं, 'नहीं कोई बहाना नहीं चलेगा, चुपचाप तैयार होकर स्कूल जाओ।' तो उस क्षण आप भले सोचें कि आप बच्चे को अनुशासित रख रही हैं। लेकिन ऐसा बार-बार करने से बच्चे के मन में आपके प्रति भरोसे का छोटा-सा दरवाजा बंद हो रहा होता है। समय बीतता है, बच्चा बड़ा होता है। किशोरावस्था के किसी मोड़ पर वह अपने कमरे में खुद को बंद कर लेता है। चुप, उलझा हुआ, भीतर ही भीतर टूटता हुआ। आप बाहर खड़ी होकर बार-बार पुकारती हैं, 'क्या हुआ बताओ बेटा?' लेकिन तब तक वह दरवाजा लकड़ी का नहीं रह जाता। वह अनकही बातों, दबी भावनाओं की मोटी दीवार बन चुका होता है।

दरअसल, जो अभिभावक अपने बच्चों की छोटी-छोटी बातों को, उनकी उलझनों को नहीं सुनते, वे बच्चे बड़े होने पर अपने पैरेंट्स की बातें, उनकी हिदायतें कुछ नहीं सुनते।



**समझाने से पहले उन्हें समझें:** हम अकसर मान लेते हैं कि बच्चों को समझाना हमारा अधिकार है, जबकि सच यह है कि उन्हें समझना हमारा सबसे बड़ा फर्ज है। जब सात-आठ साल की बेटी कहती है, 'मां, मुझे यह फ्रॉक पसंद नहीं।' इस पर अगर आप जवाब देती हैं, 'पहनो इसे, इतने पैसे खर्च करके खरीदा है।' तो आप सिर्फ कपड़े की नहीं, उसकी पसंद, उसकी पहचान और उसकी इच्छा की कीमत कम कर देती हैं। वही बेटी जब बड़ी होकर पैरेंट्स के पसंद के किसी रिश्ते से इंकार कर देती है या करियर की राह अपने मन से चुन लेती है तो पैरेंट्स को लगता है कि वह हमारे बारे में नहीं सोचती। सच यह है कि हमने उसके लिए सोचना कभी सीखा ही नहीं था। सुनना सिर्फ कान खोलना नहीं, दिल खोलना भी होता है। अगर आप मोबाइल में बिजी हैं, और आपका बच्चा आपसे कुछ कह रहा है तो मोबाइल को एक मिनट के लिए साइड में रख देने से कोई बहुत बड़ा काम नहीं बिगड़ जाएगा। लेकिन उसकी बात ध्यान से अगर आप सुनती हैं तो वह बच्चा यह समझ जाता है कि उसकी भावनाएं, उसकी बातें और उसकी मौजूदगी की उसके अभिभावक की नजर में बहुत कीमत है। इससे उसके भीतर कहीं संस्कार भी निर्मित होता है कि अपनों की बात को सुनना चाहिए।

**बचपन का भरोसा रहता है उम्र भर:** जिस बच्चे की आवाज को बचपन में जगह मिलती है, वह किशोरावस्था की दहलीज पर पहुंचकर न तो भावनाओं को छुपाता है, न ही विद्रोह की आग में जलता है। वह खुलकर बताता है। दोस्तों की गलत संगत से लेकर पहले प्रेम की घबराहट तक, करियर की उलझनों से लेकर मन में उठती बेचैनी तक, सब कुछ। जिस बच्चे की छोटी-सी बात आज आप धैर्य से सुन लेते हैं, वही बच्चा कल आपकी सबसे बड़ी परेशानी में आपके लिए सबसे भरोसेमंद साथी बन जाता है।

**बिना रोके-टोके सुनें उसकी बात:** अगर आज हम अपने बच्चे की बात को हंसकर, टालकर, 'अरे, बच्चों की बातें हैं।' कहकर किनारे कर देंगे, तो आने वाले वर्षों में वही बच्चे हमारी बात को 'बूढ़ों की जिद' कहकर हवा में उड़ा देंगे। उस दिन हमें हमारा ही घर कैसा लगेगा? उस दिन हमें बहुत तकलीफ होगी यह सोचकर कि हमारे बच्चे हमारी ही नहीं सुनते लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि उनके बचपन में संवाद का पुल तो हमने ही तोड़ दिया था। कभी-कभी पूरे भविष्य की दिशा एक ही पल तय कर देता है। इसलिए आज अपने आप से वादा कीजिए, जब आपका बच्चा कुछ कहे तो बीच में रोके-टोके बिना, उसकी पूरी बात सुनिए, क्योंकि बचपन में मिलने वाला यह सुनने का छोटा-सा मौका, जो आज बेहद साधारण लगता है, वही कल रिश्तों को मजबूत रखने वाला सबसे बड़ा आधार बनता है। a

## क्या आप कर चुकी हैं अपने घर को विंटर रेडी!

सजेशन

मधु सिंह

जिस तरह से गर्मी के मौसम में गर्माहट का कम एहसास हो, इसके लिए हम अपने घर में कई बदलाव करते हैं। उसी तरह सर्दी के मौसम में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं, इनसे ठंड का एहसास कम होगा। इन छोटे-छोटे और ईजी बदलावों के बारे में आप भी जरूर जानना चाहेंगी।



सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। सुबह और शाम ज्यादा ठंडी महसूस होती है। दिन छोटे होने के कारण शाम को अंधेरा जल्दी होता है। घर से बाहर रहने पर बस मन करता है कि जल्द से जल्द घर में पहुंच जाएं। लेकिन घर में गर्माहट का एहसास तभी होगा, जब आप अपने घर को विंटर रेडी बनाएंगी, अपनी जीवनशैली में जरूरी बदलाव करेंगी। सर्दी के आने वाले दिनों के लिए जब खूब ठंड पड़ेगी, उसके लिए अपने घर को इस तरह तैयार कर लें, जो आपके लिए आरामदायक हो।

**ऐसे बनी रहेगी गर्माहट:** गर्मी के मौसम में जहां हल्के कूलिंग इफेक्ट वाली कॉटन ड्रेसेस की फर्निशिंग जरूरी होती है। ठीक इसके विपरीत सर्दी के मौसम में वुलेन बेडशीट, पर्दे, रग्स, सोफा कवर, तकिए के गिलाफ, कुशन कवर हों तो वे गर्मी को रोकते हैं और कमरे की गर्माहट को बनाए रखते हैं। ऊनी कालीन एक प्राकृतिक इंसुलेटिंग एजेंट की तरह काम करता है। इनसे हम सर्दियों में कमरे को ज्यादा आरामदायक बनाकर ऊर्जा की खपत कम करके कमरों को गर्म रख सकते हैं।

**बेडरूम में मिले कोजी फील:** सर्दी के मौसम में हम सभी का बेडरूम में ज्यादा समय बीतता है। इसलिए जितना संभव हो, उसमें बदलाव करना चाहिए। गर्मियों के लिए हल्के बिस्तर की जगह, वुलेन बेडशीट, पिलो कवर, रग्स, कालीन, पर्दों का इस्तेमाल करें ताकि कमरों में गर्मी बनी रहे। आप रात भर आराम से सो सकें और बेडरूम के लुक को भी खूबसूरत बना सकें। इसके लिए गहरे रंगों की बेड शीट्स, कुशन कवर और पिलो कवर का इस्तेमाल करें, जो गर्माहट लाने में हेल्प करते हैं।

**दरवाजे-खिड़कियों में बदलाव:** सर्दी के दिनों में कमरे की ज्यादातर गर्मी, खिड़की और दरवाजों से निकलती है, इसलिए उन्हें प्लास्टिक की सीलिंग से या बोर्ड से सील करवा दें। उन पर मोटे फैब्रिक वाले पर्दे लगाएं। पर्दे ऐसे होने चाहिए कि धूप और गर्मी अंदर आ सके और जो रात में ठंड को अंदर आने से रोक सकें। शाम के बाद दरवाजे और खिड़कियों को बंद करके रखें। बाहर की ओर खुलने वाले दरवाजों की दरारों को सील करवाएं ताकि घर में गर्माइश बनी रहे।


### तैयार कर लें वार्म ड्रेसेस

**आने वाले** दिनों में कड़ाके की ठंड के लिए मोटे फैब्रिक की ड्रेसेस और कंबलों को तैयार रखें। अगर उन्हें ट्रंक या दीवान में स्टोर करके रखा गया है, तो उनको धूप लगवाने के बाद ही इस्तेमाल करें। टोपी, दस्ताने, मोजे और घर के अंदर पहनने के लिए ऐसी चप्पल मंगवा लें, जो पैरों को गर्म रख सकें। हाथ पैर और सिर से ज्यादा ठंड लगती है। इसलिए वुलेन मोजे, दस्ताने और कैप भी निकाल लें।

**पोर्टेबल स्टोव:** जब ठंड ज्यादा बढ़ती है तो आग तापने से बड़ी राहत मिलती है। तापमान गिरने पर आप चाहें तो पोर्टेबल इलेक्ट्रिक हीटर या गैस स्टोव को किचेन के बजाय कहीं अन्य सुविधाजनक स्थान पर रखकर खाना बना सकती हैं, इससे घर को गर्म रखा जा सकता है।

**वैकल्पिक तरीके भी आजमाएं:** सर्दी के दिनों में जब पावर कट ज्यादा होता है तो ऐसे में इलेक्ट्रिक से चलने वाले इंस्ट्रूमेंट्स जैसे हीटर और ब्लोअर यूज नहीं हो पाते हैं। ऐसे में अपने घर को गर्म बनाए रखने के वैकल्पिक तरीके भी रेडी रखें। वार्म पैड या फायर प्लेस को दुरुस्त रखें, ये बिजली की तुलना में सस्ते तो होते ही हैं, बिजली न होने पर ठंड से परेशान होने की बजाय इनके इस्तेमाल से घर को गर्म रखा जा सकता है। यहां बताए गए इन तमाम उपायों को आजमा कर आप अपने घर के वातावरण को आसानी से गर्म रख सकती हैं। a

## इस मौसम में ऐसे करें बालों की देखभाल



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट



सर्दी के मौसम में कम तापमान की वजह से बालों में खुश्की बढ़ जाने से बाल काफी खराब हो जाते हैं। इस मौसम में ज्यादातर लोग बालों को धोने के लिए गर्म पानी का उपयोग करते हैं। इससे बालों में खुश्की हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि सर्दी के मौसम में गुनगुने पानी का उपयोग करें और गर्म पानी से नहाने से परहेज करें। जिससे बालों के टूटने का खतरा बढ़ जाता है। गर्म पानी बालों से प्राकृतिक तेल सोख लेता है, जिससे बाल शुष्क हो सकते है। इसके साथ ही डेंड्रफ और स्कैल्प में खुजली की समस्या भी हो सकती है। सामान्य तापमान के और गुनगुने पानी से नहाने से बालों में नमी बरकरार रहती है और बाल मुलायम, चमकदार बने रहते हैं।

**कंडीशनर का यूज करें:** सर्दी के मौसम में ऐसे शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करें, जो बालों को नमी प्रदान करते हों। इन उत्पादों में एलोवेरा, शिया बटर और किरेटिन आदि तत्वों से बालों को पोषण मिलेगा और बालों में नमी बरकरार रहेगी। सर्दियों में लाइट वेट हाइड्रेटिंग सीरम और लीव इन कंडीशनर के उपयोग से बालों में नमी बनी रहेगी और बाल मुलायम बने रहेंगे। अल्कोहल और सल्फेट युक्त शैंपू या कंडीशनर बालों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं।

**नारियल तेल:** बालों में लगातार खुश्की की वजह से डेंड्रफ की समस्या गंभीर हो जाती है। डेंड्रफ और दो मुंहे बालों की समस्या से निपटने के लिए गर्म तेल से मालिश काफी लाभदायक साबित होती है। सप्ताह में एक या दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके इसे सिर पर लगाएं। इसके बाद एक तौलिए को गर्म पानी में डुबोकर निचोड़ लें और 5 मिनट तक सिर पर बांध लें। इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहरा लीजिए और तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए। अगर आपके बालों में डेंड्रफ है तो अगली सुबह सिर में नीबू का रस लगाकर 15 मिनट बाद बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए हल्के गर्म पानी का ही प्रयोग करें। शैंपू करने के बाद पानी के मग में दो चम्मच सिरका डालकर बालों को धो लें फिर अच्छे तरीके से साफ पानी से भी बालों को धो डालें।


**मसाज जरूर करें:** रूखापन बढ़ने की वजह से बालों में नमी और तैलीयपन में कमी आ जाती है। इससे बालों में पोषाहार की जरूरत ज्यादा बढ़ जाती है। बालों में नारियल तेल की मालिश से बालों को पोषाहार मिलता है। यदि आप नारियल तेल लगाकर हल्की-हल्की मालिश करती हैं तो इससे बालों की कोशिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है। बालों को हल्के से तेल से मालिश करने के लिए केवल फिंगर टिप्स का ही सहारा लीजिए और सिर को हल्के-हल्के से विभिन्न दिशाओं में घुमाइए। इससे बालों की कोशिकाओं में अच्छी तरह ब्लड फ्लो होता है। तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए और अगले दिन सुबह बालों को गुनगुने पानी से धो डालिए। बालों को तौलिए से रगड़ने की बजाय, तौलिए को सिर पर बांधें ताकि बालों में मौजूद पानी तौलिए में समा जाए। अगर बाल शुष्क और नाजुक हों तो ड्रायर का यूज न करें। बालों को प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। अगर आप हेयर ड्रायर का उपयोग करती है तो उसे बालों से कम से कम 10 इंच दूरी पर रखें। a

## जब जाएं वर्केशन पर रखें इन बातों का ध्यान

एडवाइस

प्रतिभा अग्निहोत्री

वर्क फ्रॉम होम करने वाले यंगस्टर एक जगह काम करते ऊब जाते हैं, इसलिए वे अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर काम करना पसंद कर रहे हैं। अगर आप भी वर्केशन पर जा रही हैं तो किन बातों का ध्यान रखें, जानें।



इंग्लिश वर्ड वर्क-वेकेशन से मिलकर बना यह शब्द 'वर्केशन' आज की जेन जी यंगस्टर्स का सबसे फेवरेट शब्द है, जिसमें वे एक जगह रुककर काम करने के स्थान पर अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर ऑफिस वर्क करते हैं। आजकल अधिकांश कंपनियों ने अपने एंप्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम दे दिया है, जिसके कारण वे एक कमरे में बैठकर काम करते हैं। निरंतर एक ही स्थान पर काम करने के कारण धीरे-धीरे उन्हें काम और जगह दोनों से ही बोरियत होना शुरू हो जाती है, फिर उनका काम में मन नहीं लगता। इस बोरियत से बचने के लिए यंगस्टर अपना लैपटॉप और ऑफिस का अन्य जरूरी सामान लेकर दूर-दराज के टूरिस्ट प्लेस पर चले जाते हैं, वहां रहकर वर्किंग ऑवर में काम करते हैं, शेष समय में वे आस-पास की जगहों पर घूमते हैं। इस तरह वे वर्क और वेकेशन दोनों एक साथ कर लेते हैं। यदि आप भी वर्केशन पर जाने का प्लान कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें-

**समय से कर लें बुकिंग:** जिस भी जगह पर आप जाने का प्लान कर रही हैं, उसका प्लान पहले से बनाएं और समय रहते, रहने की बुकिंग कर लें ताकि आप निश्चिंत होकर अन्य तैयारियों पर ध्यान दे सकें।

**नेटवर्क है बहुत जरूरी:** चूंकि आजकल सारे काम इंटरनेट के माध्यम से होते हैं, इसलिए स्थान चुनने से पहले वहां नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें, क्योंकि कुछ पर्यटक स्थलों पर नेटवर्क की बहुत प्रॉब्लम रहती है। नेटवर्क न होने पर आपका काम प्रभावित हो सकता है।

**जानकारी लेकर और देकर जाएं:** जिस स्थान पर आप जा रही हैं, उसकी पूरी जानकारी यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम या फिर अपने परिचितों से लेकर जाएं, ताकि आप अपनी तय जगह पर जाकर काम करने के साथ-साथ सुगमता से घूम भी सकें। अपने परिवारजनों और मित्रों को गंतव्य स्थल की पूरी जानकारी देकर जाएं ताकि आपात स्थिति में आपसे संपर्क किया जा सके।

**पैरेंट्स को यूं करें तैयार:** अकसर अविवाहित युवा बेटियों को इस तरह से अकेले वर्केशन पर भेजने के लिए पैरेंट्स तैयार नहीं होते, ऐसे में विरोध करने की बजाय उन्हें प्यार से वर्केशन के बारे में डिटेल जानकारी दें ताकि वे खुशी-खुशी मानसिक रूप से तैयार हो सकें।

**बजट का रखें ध्यान:** चूंकि वर्केशन के दौरान आप अधिक समय तक एक ही जगह पर रहती हैं, इसलिए बजट फ्रेंडली प्लेस का सेलेक्शन करना बहुत जरूरी है ताकि आप कम खर्चे में वर्केशन एंज्वॉय कर सकें।

**जरूरी उपकरण लेकर जाएं :** रोमिंग सिम कार्ड, पावर बैंक, मोबाइल और लैपटॉप का चार्जर आदि अपने साथ लेकर जाएं।

**जरूरी दवाएं साथ रखें:** यदि आप कोई मेडिसिन लेती हैं तो उसे पर्याप्त मात्रा में लेकर जाएं। इसके साथ-साथ बुखार, पेटदर्द, सिरदर्द और वॉमिटिंग की दवाएं भी अपने साथ जरूर लेकर जाएं ताकि जरूरत पड़ने पर आप उनका उपयोग कर सकें। a

गीता महोत्सव: शुक्ल एकादशी के दिन विश्व की सबसे महान पुस्तक श्रीमद् भागवत गीता का हुआ जन्म : विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री

# न्याय के मंदिर में रखी 'गीता' व्यक्ति के अंदर छिपी गलतियां और प्रायश्चित को साथ लेकर आत्मा को जगाने का करती हैं काम

तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव में बच्चों ने कलाओं से मोहा मन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जींद




जींद। गीता जयंती महोत्सव मंच पर प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि




जींद। गीता जयंती महोत्सव मंच पर प्रस्तुति देते हुए बच्चे एवं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उचाना विधायक देवेंद्र अत्री।

उचाना के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने कहा कि हमारा अधिकार केवल कर्म पर है। फल देने का अधिकार परमात्मा का है और वह भी हमारे कर्मों पर आधारित होता है। आज के प्रतिस्पर्धी वातावरण में अक्सर यह संदेश दिया जाता है कि अपना सर्वश्रेष्ठ दो और जब व्यक्ति पूरे समर्पण के साथ प्रयत्न करता है तो संपूर्ण ब्रह्मांड उसकी सहायता में खड़ा हो जाता है।

उचाना विधायक सोमवार को तीसरे दिन स्थानीय रंगशाला में आयोजित गीता महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। विधायक ने दीवान बालकृष्ण रंगशाला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ रिबन काटकर किया। उन्होंने गीता जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर उपस्थित आगंतुकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि आज मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी का दिन है और आज विश्व की सबसे महान पुस्तक श्रीमद् भागवत गीता का जन्मदिन है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कोई आम उत्सव या त्यौहार नहीं बल्कि पूरे जीवन का सार हमारी पुस्तक भारत की आत्मा गीता का दिन है। कोर्ट, कचहरी में जहां न्याय का मंदिर है वहां रखी हमारी पुस्तक गीता प्रत्येक व्यक्ति के अंदर जीवन के वास्तविक मूल्य को याद करके अपनी गलतियां और प्रायश्चित को साथ लेकर आत्मा को जगाने का काम करती है। कर्म के सिद्धांत का वास्तविक प्रतिपादन गीता करती है। दुख-सुख लाभ-हानि, हंसना-रोना सब की व्याख्या गीता करती है। हम सभी को मिल कर इस महोत्सव के अंदर अपनी त्रुटियों को दूर करके गीता के वास्तविक दर्शन को जीवन में अपनाना चाहिए। गीता के कुल 700 श्लोक जो एक-एक अमर फल हैं। जिसका भक्षण करके मनुष्य जीवन के इस मोह माया के भवसागर से पार उतर सकता है।

विधायक ने कहा कि आज के आधुनिक काल में आवश्यकता है कि हम अपने बच्चों को गीता, रामायण और भारतीय दर्शन के मूल्यों से परिचित कराएं। तकनीक के तेजी से बढ़ते प्रभाव के कारण बच्चे कहीं न कहीं अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रधर्म की महत्ता का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके लिए राष्ट्रधर्म सर्वोपरि है। राष्ट्र की सेवा सर्वोच्च स्थान रखती है। इसके साथ-साथ परमात्मा को याद करना भी आज के भौतिक युग में अत्यंत आवश्यक है।




कैथल। डीसी प्रीति कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए तथा डीसी प्रीति को सम्मानित करते डीआइपीआरओ नसीब सिंह सैनी व अन्य।

## हजारों विद्यार्थियों के सामूहिक श्लोकोच्चारण से गूंजा भाई उदय सिंह किला परिसर

कैथल। गीता जयंती महोत्सव के अंतिम दिन भाई उदय सिंह किला परिसर अध्यात्म और ज्ञान के रंग में रंग गया। महोत्सव के मुख्य आकर्षण, ग्लोबल चैंटिंग के तहत विभिन्न विद्यालयों के हजारों विद्यार्थियों और बड़ी संख्या में शहरवासियों ने एक साथ श्रीमद् भगवद् गीता के 18 श्लोकों का सामूहिक उच्चारण कर एक अभूतपूर्व वातावरण का निर्माण किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीसी प्रीति एवं एसपी उपासना, अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों सहित मौके पर मौजूद हजारों लोगों ने सामूहिक श्लोकोच्चारण में हिस्सा लिया। संस्कृत अध्यापकों का इसमें विशेष सहयोग रहा। श्लोकोच्चारण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सत्र में, डीसी प्रीति और पुलिस अधीक्षक उपासना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार और कैथल एसडीएम अजय कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर डीआईपीआरओ नसीब सिंह ने सभी मेहमानों का पौधा देकर स्वागत किया। डीसी प्रीति ने इस ऐतिहासिक और विशाल आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों और आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवद् गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला सिखाने वाला एक शाश्वत मार्गदर्शक है। एसपी उपासना ने गीता के व्यावहारिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को जीवन में आने वाली हर चुनौती का समाधान गीता के ज्ञान में मिल सकता है। गीता जयंती महोत्सव के अंतिम दिन लोक कलाकार अनिल भारती व विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रस्तुतियां देकर समा बांध दिया। सुपार्श्व जैन पब्लिक स्कूल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गीता भवन कैथल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कठवाड की टीमों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से गीता के संदेशों और भारतीय संस्कृति की भव्यता को दर्शाया गया।

### बच्चों ने ली विधायक के साथ सेल्फी

दीवान बाला रंगशाला में चल रहे गीता महोत्सव में छोटे बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिलाए जब उन्होंने विधायक देवेन्द्र अत्री के साथ सेल्फी लेकर इस पल को यादगार बनाया। जैसे ही विधायक जी बच्चों के बीच पहुंचे तो बच्चों ने तालियों से स्वागत किया और उनके साथ घुलते-मिलते हुए अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं। विधायक ने बच्चों को पढ़ाई, अनुशासन और सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों का उत्साह, ऊर्जा और उनके चेहरे की मुस्कान समाज की असली ताकत है।

### सांस्कृतिक विविधता से सराबोर

मंच का संचालन कलाकार रमेश भनवाला ने किया। जिन्होंने अपनी मंच कला से सबका मन मोहा। वहीं विभिन्न शिक्षण संस्थानों के युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि सभागार देर तक तालियों से गूंजता रहा। छात्राओं ने मैं गुडिया भुली तेरे आंगन में नामक गीत पर सामूहिक नृत्य ने श्रोताओं को जमकर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मंच पर गुरुकुल विद्यापीठ के बच्चों द्वारा लाठी, तलवार का प्रदर्शन किया और आत्मरक्षा के गुर सिखे हुए बच्चों द्वारा इन विद्याओं की प्रस्तुतियां दी। छोटे बच्चों द्वारा याणी सी उम्र में ना ब्याहियों रै नामक गीत की प्रस्तुति पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## खबर संक्षेप



### कर्मचारियों को वेतन दिलाने की मांग

जींद। स्वास्थ्य विभाग में लगे कौशल रोजगार निगम के तहत कर्मचारियों की दो महीने से सैलरी से उनका नाम हटा दिया गया है। इसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। सोमवार को विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एसएमओ के नाम पर ज्ञापन सौंपा। जल्द से जल्द पोर्टल आईडी व सैलरी सभी कर्मचारियों को समय पर मिल सके। यदि जल्द से जल्द कोई समाधान नही होता तो सभी कर्मचारी मिलकर आगामी रूप रेखा बना कर बड़े आंदोलन की योजना बनाएंगे।



### पत्नी की स्मृति में 115 छात्रों को बांटी जर्सियां

उचाना। सैंथली गांव के जीएमएस के मुख्याध्यापक कृष्ण चंद्र ग्रोवर ने उचाना खुर्द गांव जीजीपीएस में अपनी पत्नी कलावती की स्मृति एवं अपनी शिक्षा विभाग में 30 साल पूरे होने पर 115 विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की। इससे पहले भी सामाजिक कार्यों में सहयोग करते रहे हैं और जरूरतमंदो की मदद के लिये हमेशा तत्पर रहते हैं। ग्रोवर ने कहा कि सहानुभूति नहीं मदद कीजिए इससे आत्म संतुष्टि व शान्ति मिलती है।

## आर्यव्रत शिक्षा निकेतन स्कूल का मॉडल रहा प्रथम

- सनराइज पब्लिक स्कूल, धनोरी में विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए।

आर्यव्रत शिक्षा निकेतन स्कूल तितरम के विद्यार्थियों ने इंटर स्कूल विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के मुख्याध्यापक विक्रम सिंह ने बताया कि सनराइज पब्लिक स्कूल, धनोरी में विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता हुई। जिसमें आर्यव्रत शिक्षा निकेतन स्कूल तितरम से विद्यार्थियों ने भाग लिया था और बेहतर मॉडल बनाए और प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा प्रतिभागियों को मेडल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति समय समय पर अलग अलग प्रतियोगिताओ के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक, खेल, भाषण, लेखन आदि प्रतियोगिताएं करवाते रहते है।

मॉडल प्रतियोगिता में रिया, तानवी, तनिशा, मधु, आरुषी को मेडल व प्रशंसा पत्र दिया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ सदस्य अंजू ,नीरू गीता, सुनैना, मनीषा,रीना, संजना सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



राजौंद। विद्यार्थियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

### खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

राजौंद। राजौंद खंड संसाधन अधिकारी कार्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जबकि खंड नोडल अधिकारी दीपिका ने कार्यक्रम का संचालन किया। इसमें 25 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अब जिन विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है उन्हें जिला स्तर पर भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। जो विद्यार्थी जिला स्तर पर प्रथम आएंगे उन्हें प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक के 25 स्कूलों के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है। इस दौरान प्रतियोगिता में रितु, मुस्कान,नैंसी,सारथी,इशू ,मानसी ने पोस्टर मेकिंग में 7 थीम्स पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह हर्षिका,गजल,जैनीत, दीपांशु,नीरू,मयंक व आजू ने मॉडल मेकिंग में प्रथम स्थान हासिल किया,तनु, तारीफ,जैस्मिन,दीपा, चहक, दीपिका व दीपांशु ने रोल प्ले में पहला स्थान हासिल करके अपने स्कूल का नाम रोशन किया।

## जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में कैथल ने नरवाना को हराया

- विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। युवाओं को सम्मानित करते पदाधिकारी।

पुलिस लाईन कैथल के खेल मैदान में जिला पुलिस कैथल तथा युवा मार्गदर्शन मंच के संयुक्त तत्वावधान में जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में नरवाना और कैथल के बीच फाइनल मैच हुआ जिसमें कैथल की टीम ने नरवाना को 4-0 के अंतर से हराया और ट्राफी पर कब्जा किया।

इस मैच में फुटबॉल कोच पवन कुमार ने विशेष योगदान दिया, जिनके साथ संदीप बड़ोदा, सतबीर शर्मा , सोमनाथ व विकास सिविल लाइन थाना से निरीक्षक साहिल, एस.आई.रामफल, ए.एस.आई. पवन वर्मा, धर्मबीर गिल, सत्यवान धरोदी और युवा मार्गदर्शन मंच के प्रदेश महासचिव मा. अमर नाथ किठानिया, जिला प्रधान रामपाल नरड़, बलदेव कसान और नाथा राम कसान ने भी शिरकत की। इस मौके पर डीएसपी बीर भान ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया और विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। फुटबॉल कोच पवन कुमार व टीम को युवा मार्गदर्शन मंच की तरफ से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## छात्रा अंजलि ने राज्य स्तर पर पेंटिंग प्रतियोगिता में पाया द्वितीय स्थान

- प्रतियोगिता में 6 से 8 एवं 9 से 12 तक के छात्रों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। पेंटिंग में अव्वल रहे शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के विद्यार्थी।

राज्य स्तर पर होने वाली वार्षिक गीता जयंती महोत्सव में शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत की छात्रा अंजलि ने भाग लिया। अंजलि ने खंड स्तर पर प्रथम ,स्थान जिला स्तर पर प्रथम स्थान और राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता दो स्तर पर करवाई गई जिसमें 6 से 8 तक के छात्र एवं 9 से 12 तक के छात्रों नेभाग लिया । इस प्रतियोगिता में समस्त जिलों के विद्यालयों से अनेक टीम शामिल थी जिसमें अनेक गतिविधियां रखी गई। इन गतिविधियों में श्लोक उच्चारण,निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, संवाद प्रतियोगिता शामिल थी। सभी गतिविधियों का विषय श्रीमद् भागवत गीता रखा गया। राज्य स्तर पर पेंटिंग प्रतियोगिता में शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत की 12वीं कक्षा की छात्रा अंजलि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंजलि ने पेंटिंग में श्री कृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए दर्शाया जो बहुत ही सुंदर ढंग से चित्रित किया गया था। इस पेंटिंग ने सभी के मन को मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक जितेंद्र सिंह बिढाण द्वारा पारितोषिक रूप से सम्मानित किया गया।

## खामियों से भरपूर एसआईआर बंद करो

कैथल। देश भर में जिस तरह से वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन किया जा रहा है, व खामियों से भरपूर है। माकपा इसका कड़ा विरोध करती है। माकपा राज्य सचिव प्रेम चंद ने कहा कि जो काम एक सामान्य, पारदर्शी और लोगों के लिए अच्छा होना चाहिए था, वह एक अस्त-व्यस्त, मनमानी प्रक्रिया बन गई है जिससे वोटर लिस्ट की सत्यता और उन लोगों की सुरक्षा को खतरा है जिन्हें यह काम करने के लिए मजबूर किया गया है।

यह पूरा काम बहुत जल्दबाजी में और खराब योजना के साथ किया जा रहा है। बूथ लेवल ऑफिसर्स को घर-घर जाकर सत्यापन पूरा करने के लिए नामुमकिन समय-सीमा दी गई हैं।

## बिहार चुनाव में कांग्रेस पार्टी का दिवालिया पिटा : टेकराम कंडेला

- कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार और परिवारवाद को देती है बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जींद



टेकराम कंडेला।

हरियाणा सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी टेकराम कंडेला ने कहा कि बिहार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का पूरी तरह से दिवालिया पिट चुका है। खुद गठबंधन के नेता लालू यादव ने यह कह कर कांग्रेस को नकार दिया कि जितनी तुम्हारी सीटें आई हैं, उससे ज्यादा तो मेरे खुद के बच्चे हैं। लालू यादव का भी अब कांग्रेस पार्टी से मोहभंग हो चुका है। वह जान चुके हैं कि कांग्रेस की वजह से उनकी भी छवि खराब हो रही है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के गठबंधन पर कांग्रेस से दूरी बनाने का मन बना चुके हैं। क्योंकि कांग्रेस पार्टी एक डूबता हुआ जहाज है। उसके पास कोई नहीं जाने को तैयार नही है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री व आम आदमी के नेताओं ने भी कांग्रेस से दूरी बनाना शुरू कर दिया है। आने वाले पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में व पंजाब के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना लगभग तय है। क्योंकि देश का किसान मजदूर व आम आदमी भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में विश्वास जाता रहा है। जिसके कारण वहां पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना तय है। कंडेला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार व परिवारवाद को बढ़ावा देती है। जिससे लोगों का मन बदल चुका है। लोगों ने उनकी नीतियों में विश्वास जताना छोड़ दिया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकास के पद पर आगे ले जा रहे हैं।

### एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

कैथल। कई अहम मामले सुलझाने व अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए किए गए सराहनीय कार्य के लिए सोमवार को कार्यालय पुलिस अधीक्षक कैथल में एसपी उपासना द्वारा एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार व टीम में शामिल एसआई शुभकरण, एसआई जयभगवान, एएसआई जसमेर सिंह, एएसआई अशोक कुमार, महिला एचसी सुदेश, एचसी सुनील, एचसी वेदपाल, एचसी ईशम सिंह, एचसी लखविंद्र, ड्राइवर एचसी संदीप, सिपाही कैलाश, एसपीओ राजेश, अमित, होमगार्ड विकास, अनिल, दीपक व मनोज कुमार तथा सिविल लाइन में ईआरवी पर तैनात एचसी अनिल कुमार, एसपीओ सेवा सिंह व राजेश को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उक्त एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ टीम द्वारा गत पिछले दिनो कई अहम मामलों को सुलझाते हुए अपराधियों को सलाखों पीछे भेजा गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### डॉ. नरेश शर्मा आचार्य वराहमिहिर पुरस्कार से सम्मानित

कैथल। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय कैथल के ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश शर्मा को संस्कृत और ज्योतिष के क्षेत्र में उनके विशिष्ट और उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'आचार्य वराहमिहिर राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर और आदिवासी बालकल्याण एवं संस्कृत शिक्षा समिति, रायसेन, मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। 28-29 नवम्बर 2025 को ब्रह्मर्षि देवराहाबाबा जी की स्मृति में 'भारतीय ज्ञान परंपरा में संतों का योगदान' विषय पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर के भवभूति प्रेक्षागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं विशिष्ट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था।

भाजपा वोट ही नहीं मिट्टी चोर भी है: रिषीपाल

## कमीशन के खेल का परिणाम है सड़कों का धंसना

लोगों के गाढ़े खून की कमाई की कैसे हो रही है बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जींद



जींद। टेलीफोन एक्सचेंज के सामने धंसी हुई सडक़ का जायजा लेते हुए कांग्रेस जिला प्रधान रिषीपाल हैबतपुर। फोटो :हरिभूमि

जींद शहर के देवीलाल चौक से पहले टेलीफोन एक्सचेंज के सामने एक साल पहले बनाई गई नई सडक़ के धंसने पर कांग्रेस के जिला प्रधान रिषीपाल हैबतपुर ने शासन-प्रशासन के सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सोमवार को सड़कधंसने के हादसे के बाद मौके पर पहुंचे कांग्रेस के जिला प्रधान रिषीपाल हैबतपुर ने कहा कि सड़क का बीचोंबीच इतनी गहराई तक धंसना इस बात को सिद्ध करता है कि जनता के गाढ़े खून की कमाई की कैसे बर्बादी हो रही है। सड़क के बीच इतना चौड़ा और गहरा गड्ढा होना इस बात को सिद्ध कर रहा है कि इसके निर्माण में महज खानापुर्ति की गई है, वरना बड़े स्तर पर मिट्टी गायब नहीं होती। यदि सही तरीके से निर्माण कार्य होता तो जनता की जान खतरे में नहीं पड़ती। कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि भाजपा सरकार वोट ही नहीं मिट्टी चोर भी है। सडक़ का बड़े स्तर पर धंसना इस बात को पुख्ता कर रहा है कि कैसे भ्रष्टाचार जनता के हितों से खिलवाड़ कर रहा है। यदि सत्ताधारियों में जरा सी भी नैतिकता है तो इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाएं और दोषियों को दंड दिलवाये। क्योंकि इस तरह की लापरवाही जान-माल के लिए बड़ी घातक सिद्ध हो सकती थी।

### सरकार जात-पात के बीज बोकर लोगों का ध्यान भटका रही

*इस मौके पर कांग्रेस नेता पवन दूहन ने कहा कि कमीशन के चक्कर में ही जींद सड़कें और गलियां धंस रही है। सरकारी खजाने से आया हुआ बजट निर्माण कार्य में लगने की बजाये इधर-उधर जमा हो जाता है। जिसके नतीजन यह परिणाम सामने आ रहे है। इस मौके पर जेपी रूहिल तथा स्थानीय लोगों ने कहा कि सरकार जन हित के कार्य ईमानदारी से करने की बजाये जात-पात के बीज बोकर लोगों का ध्यान भटका रही है।*